मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11 B–17–800

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, सन् 2022-2023 ई०

## हिन्दी

समय : 2½ घण्टे ] कक्षा XII [ पूर्णांक : 100

---

नोट :– सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

### (खण्ड–क)

1 (क) 'आवारा मसीहा' के लेखक हैं– 1

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (2) सदा सुखलाल

(3) विष्णु प्रभाकर (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

modelpaper.info

(ख) 'संयोगिता स्वयंवर' किसकी रचना है– 1

(1) राधाकृष्ण दास (2) लाला श्री निवासदास

(3) बालकृष्ण भट्ट (4) श्री निवास दास

(ग) 'इन्दुमती' कहानी के लेखक हैं– 1

(1) वृन्दावन लाल वर्मा (2) किशोरी लाल गोस्वामी

(3) अज्ञेय (4) प्रेमचन्द

(घ) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के लेखक हैं– 1

(1) डॉ० श्यामसुन्दर दास

(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(3) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

(4) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(कृ० पृ० उ०)

(ङ) हिन्दी एकांकी के जनक माने जाते हैं–

(1) जगदीशचन्द्र माथुर (2) उदयशंकर भट्ट

(3) रामकुमार वर्मा (4) विष्णुप्रभाकर

2 (क) 'नई कविता' के प्रवर्तक माने जाते हैं– 1

(1) डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी

(2) अज्ञेय

(3) डॉ० रामधारी सिंह दिनकर

(4) डॉ० धर्मवीर भारती

(ख) 'कामायनी' महाकाव्य के रचयिता हैं– 1

modelpaper.info

(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(3) जयशंकर प्रसाद (4) रामधारी सिंह दिनकर

(ग) 'खड़ी बोली' का प्रथम महाकाव्य है– 1

(1) वैदेही वनवास (2) प्रिय-प्रवास

(3) साकेत (4) कामायनी

(घ) 'तारसप्तक' के सम्पादक हैं– 1

(1) विद्यानिवास मिश्र (2) मुक्तिबोध

(3) अज्ञेय (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ङ) छायावाद की मुख्य विशेषता है– 1

(1) प्रकृति का सूक्ष्म चित्रण

(2) युद्धों का वर्णन

(3) यथार्थ चित्रण

(4) भक्ति की प्रधानता

दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5×2=10

भूमि का निर्माण देवों ने किया है, यह अनन्तकाल से है। उसके भौतिक रूप, सौन्दर्य और समृद्धि के प्रति सचेत होना हमारा आवश्यक कर्तव्य है। भूमि के पार्थिव स्वरूप के प्रति हम जितने अधिक जागरूक होंगे, उतनी ही हमारी राष्ट्रीयता बलवती हो सकेगी। यह पृथिवी सच्चे अर्थों में समस्त राष्ट्रीय विचार धाराओं की जननी है। जो राष्ट्रीयता पृथिवी के साथ नहीं जुड़ी वह निर्मूल होती है। राष्ट्रीयता की जड़ें पृथिवी में जितनी गहरी होंगी, उतना ही राष्ट्रीय भावों का अंकुर पल्लवित होगा। इसलिए पृथिवी के भौतिक स्वरूप की आद्योपांत जानकारी प्राप्त करना उसकी सुन्दरता, उपयोगिता और महिमा को पहचानना आवश्यक धर्म है।

modelpaper.info

(1) राष्ट्र भूमि के प्रति हमारा आवश्यक कर्तव्य क्या है ?

(2) किस प्रकार की राष्ट्रीयता को लेखक ने निर्मूल कहा है ?

(3) यह पृथिवी सच्चे अर्थों में क्या है ?

(4) रेखांकित वाक्यांश की व्याख्या कीजिए।

(5) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

अथवा

अशोक का वृक्ष जितना भी मनोहर हो, जितना भी रहस्यमय हो, जितना भी अलंकारमय हो, परन्तु है यह उस विशाल

सामंत-सभ्यता की परिष्कृत रूचि का ही प्रतीक, जं साधारण प्रजा के परिश्रमों पर पली थी, उसके रक्त वे संसार-कणों को खाकर बड़ी हुई थी और लाखों करोड़ों की उपेक्षा से जो समृद्ध हुई थी। वे सामन्त उखड़ गये, समाज ढह गए और मदनोत्सव की धूम-धाम भी मिट गयी। सन्तान-कामिनियों को गंधर्वो से अधिक शक्तिशाली देवताओं का वरदान मिलने लगा-पीरों ने, भूत-भैरवों ने, काली दुर्गा ने यक्षों की इज्जत घटा दी।

(1) अशोक के वृक्ष की क्या विशेषताऐं हैं ?

(2) सामन्त-सभ्यता से क्या तात्पर्य है ?

(3) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(4) सन्तान-कामिनियों को किसका शक्तिशाली वरदान मिलने लगा ?

(5) पाठ का शीर्षक व लेखक का नाम लिखिए।

4 दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 5×2=10

सूखी जाती मलिन लतिका जो धरा में पड़ी हो।
तो पाँवों के निकट उसको श्याम के ला गिराना।।
यों सीधे से प्रकट करना प्रीति से वंचिता हो।
मेरा होना अतिमलिन औ सूखते नित्य जाना।।
कोई पत्ता नवल तरु का पीत जो हो रहा हो।

modelpaper.info

तो प्यारे के दृग युगल के सामने ला उसे ही ।।
धीरे-धीरे सँभल रखना औ उन्हें यों बताना ।
पीला होना प्रबल दुःख से प्रोषिता-सा हमारा ।।

(1) राधा पवन से पृथ्वी पर पड़ी हुई लता को क्या करने के लिए कहती हैं ?

(2) सूखी लता से राधा कृष्ण को क्या संदेश देना चाहती हैं ?

(3) पीले पत्ते को श्रीकृष्ण के सामने लाने से राधा का क्या अभिप्राय है ?

(4) उपर्युक्त पद्यांश की रेखांकित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

(5) पाठ का शीर्षक तथा रचयिता के नाम का उल्लेख कीजिए ।

modelpaper.info

अथवा

बैठी थी अचल तथापि असंख्य तरंगा
यह सिंही अब थी हहा! गोमुखी गंगा
हाँ जनकर भी मैंने न भरत को जाना
सब सुन लें, तुमने अभी स्वयं यह माना
यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया
अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया
दुर्बलता का ही चिन्ह विशेष शपथ है,
पर, अबलाजन के लिए कौन-सा पथ है ?

(1) प्रस्तुत पद्यांश में किन-किन पात्रों के बीच संवाद हो रहा है ?

(2) पाठ का शीर्षक एवं रचयिता के नाम का उल्लेख कीजिए।

(3) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(4) घर लौट चलने के लिए कौन किससे आग्रह कर रहा है ?

(5) सिंहिनी और गोमुखी गंगा से क्या अभिप्राय है ?

5 (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए :– 3+2=5

(1) डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल

modelpaper.info

(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों पर प्रकाश डालिए :– 3+2=5

(1) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध

(2) मैथिलीशरण गुप्त

(3) जयशंकर प्रसाद

6 'ध्रुवयात्रा' अथवा 'पंचलाइट' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

7 'श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'राजा दशरथ' अथवा श्रवण कुमार का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

(खण्ड–ख)

(क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :– 2+5=7

धन्योऽयं भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानसपावनी, भव्यभावो-द्भाविनी, शब्द-सन्दोह-प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिले-ष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति। अस्माकं रामायण-महाभारतैतिहासिकग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः, सर्वा उपनिषदः, अष्टादशपुराणानि, अन्यानि च महाकाव्यनाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति।

अथवा

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्र निर्माणणार्थं यादृशी सत्प्रेरणां संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशी किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचम्, औदार्यम्, अनसूया, क्षमा, अन्ये चानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायन्ते।

modelpaper.info

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए :— 2+5=

न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्ययं कृते वर्द्धत एव नित्यं
विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

अथवा

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः।।

modelpaper.info

9 निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :— 1+1=2

(1) श्री गणेश करना
(2) दाँतों तले उँगली दबाना।
(3) मक्खन लगाना।
(4) जैसी करनी वैसी भरनी।

10(क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :—

(1) 'यद्यपि' का सन्धि विच्छेद है— 1

(अ) यदि+पि (ब) यद+अपि
(स) यदि+अपि (द) यत्+अपि

(2) 'रजनीशः' का सन्धि विच्छेद है– 1

(अ) रजन+ईशः (ब) रजनी+ईशः

(स) राजन+एशः (द) रजने+शः

(3) 'पावकः' का सन्धि विच्छेद है– 1

(अ) पो+अकः (ब) पौ+अकः

(स) पाव+कः (द) प+आवकः

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही विकल्प का चयन कीजिए :–

(1) 'आत्मने' शब्द में विभक्ति और वचन है– 1

modelpaper.info

(अ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(ब) पंचमी विभक्ति, द्विवचन

(स) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन

(द) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(2) 'नाम्ना' शब्द में विभक्ति और वचन है– 1

(अ) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(ब) प्रथमा विभक्ति, द्विवचन

(स) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(द) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

11(क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :–

(1) द्रव-द्रव्य 1

(अ) दान और दाता. (ब) धन और धान्य

(स) दवा और दया (द) तरल और धन

(2) अविराम-अभिराम

(अ) लगातार और रूचिकार

(ब) बिना रोक के और सुन्दर

(स) अनवरत और आकर्षक 12

(द) सुन्दर और आकर्षक

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अ लिखिए :- 1+1=

(1) अर्क (2) द्विज

(3) अक्षत

modelpaper.info

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए :- 1

(1) अभी-अभी स्नान किया हुआ- 1

(अ) शीघ्र स्नान (ब) स्नात

(स) अद्य स्नात (द) सद्य: स्नात

(2) जिसे क्षमा किया जा सके- 1

(अ) अक्षय (ब) अक्षम्य

(स) क्षम्य (द) क्षमाशील

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :- 1+1=2

(1) महादेवी वर्मा सुप्रसिद्ध कवित्री है।

(2) रानी लक्ष्मीबाई वीर थी।

(3) एक फूल की माला बनाओ।

(4) मेरे को अभी जाना है।

12 (क) 'हास्य रस' अथवा 'वीर रस' का स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ख) 'यमक' अथवा 'उपमा' अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'चौपाई' अथवा 'सोरठा' छन्द का परिभाषा तथा उदाहरण लिखिए। 1+1=2

modelpaper.info

13 किसी विद्यालय के प्रबन्धक को प्रवक्ता पद पर अपनी नियुक्ति हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने गाँव या नगर की सफाई हेतु सम्बन्धित अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए :– 9

(1) पर्यावरण प्रदूषण के कारण एवं निवारण

(2) वृक्षारोपण की उपयोगिता

(3) मेरा प्रिय कवि

(4) वर्तमान में कृषकों की समस्याएँ एवं उनका समाधान

(5) भारतीय युवा की दशा